दैनिक प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

बर्ष :-02 अंक :-234 मुरादाबाद **21 December 2022 (Wednesday)** पृष्ठः-08 मूल्य :- 3.00 रूपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ़, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## भारत चीन से वापस लेगा 1962 युद्ध में खोई जमीन, BJP सांसद ने लोकसभा में उठाया मुद्दा



नई दिल्ली- भाजपा के लोकसभा सदस्य प्रतापराव पाटिल ने मंगलवार को कहा कि भारत के लोगों को अब विश्वास हो गया है कि मोदी सरकार 1962 के युद्ध में चीन से खोई जमीन वापस ले लेगी। शून्य काल के दौरान बोलते हुए, पटेल ने लोकसभा को बताया कि संसद ने 14 नवंबर, 1962 को एक प्रस्ताव पारित किया था कि भारत भूमि को वापस ले लेगा, लेकिन 60 वर्षों में इसे हासिल नहीं कर सका। पाटिल ने कहा कि जब 2014 में भाजपा सत्ता में आई तो सरकार ने पाकिस्तान में आतंकवादियों को मार गिराया और गलवान और तवांग में चीन को करारा जवाब दिया।नांदेड़ के सांसद प्रतापराव पाटिल ने कहा, भारतीयों को अब भरोसा है कि मोदी सरकार 1962 में खोई हुई जमीन को वापस पाने के लिए किए गए वादे को पूरा करेगी। पाटिल ने कहा, मैं प्रधानमंत्री से 14 नवंबर, 1962 को भारतीय संसद द्वारा पारित प्रस्ताव को पूरा करने का अनुरोध करूंगा। जब भाजपा सांसद ने चीन समाधान का मुद्दा उठाया, तो कांग्रेस सदस्यों ने प्रधानमंत्री से सदन में आने और चीनी सेना द्वारा वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर यथास्थिति को बदलने के नवीनतम प्रयासों के बारे में सूचित करने की मांग की।इस युद्ध को भारत चीन सीमा विवाद के रूप में भी जाना जाता है। चीन और भारत के बीच 1962 में हुआ ये युद्ध विवादित हिमालय सीमा युद्ध के रुप में जाना जाता है। बता दें चीन में 1959 के तिब्बती विद्रोह के बाद जब भारत ने दलाई लामा को शरण दी तो भारत चीन सीमा पर हिंसक घटनाओं की एक श्रृंखला शुरू हो गयी थी। भारत ने फॉरवर्ड नीति के तहत मैकमोहन रेखा से लगी सीमा पर अपनी सैनिक चौकियाँ रखी जो 1959 में चीनी प्रीमियर झोउ एनलाई के द्वारा घोषित लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के पूर्वी भाग के उत्तर में थी।चीनी सेना ने 20 अक्टूबर 1962 को लद्दाख में और मैकमोहन रेखा के पार एक साथ हमले शुरू किये थे और इन हमलों को ही 1962 के युद्ध रुप में जाना जाता है।

## स्मृति ईरानी का राहुल गांधी पर तंज, ...तो क्या आपका अमेठी से लड़ना पक्का समझूं? भागेंगे, डरेंगे तो नहीं



कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी के अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने को लेकर लग रही अटकलों पर ट्वीट किया है। उन्होंने पूछा, ...तो क्या आपका अमेठी से लड़ना पक्का समझूं?2024 में राहुल गांधी के अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ने की अटकलों के बीच सामने आए कैबिनेट मंत्री स्मृति ईरानी के एक ट्वीट ने सियासी पारा गरमा दिया है। स्मृति ने पूछा है कि क्या आपका अमेठी से लड़ना पक्का समझूं। स्मृति की ओर से इस तरह का ट्वीट क्यों किया गया इसकी वजह जानने के लिए हमें थोड़ा पीछे चलना होगा।

दरअसल राहुल गांधी इन दिनों भारत जोड़ो यात्रा पर हैं। इस यात्रा को यूपी में मजबूती देने के लिए कांग्रेस प्रादेशिक भारत जोड़ो यात्रा निकाल रही है। गत 14 तारीख को कांग्रेस की यह यात्रा पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय के नेतृत्व में अमेठी पहुंची थी।यात्रा के दौरान अजय राय ने जायस कस्बे में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि राहुल 2024 का लोकसभा चुनाव अमेठी संसदीय क्षेत्र से ही लड़ेंगे। अजय राय ने सोमवार को सोनभद्र में एक बार फिर यही बात दोहराई साथ ही यह भी जोड़ा कि स्मृति ईरानी अमेठी आती हैं और लटके झटके देकर चली जाती हैं। अजय राय के इस बयान के बाद अमेठी से भाजपा सांसद व केंद्रीय मंत्री ने ट्वीट के जरिए राहुल गांधी पर सीधा हमला बोला। स्मृति ने ट्वीट में लिखा %सुना है राहुल गांधी जी आपने अपने किसी प्रांतीय नेता से अभद्र तरीके से 2024 में अमेठी से लड़ने की घोषणा करवाई है। तो क्या आपका अमेठी से लड़ना पक्का समझूं? दूसरी सीट पर तो नहीं भागेंगे? डरेंगे तो नहीं?

## शिवपाल का बड़ा बयान: मेरे लिए पद कोई मायने नहीं रखता, बोले- आजीवन समाजवादी पार्टी के लिए ही काम करूंगा

प्रयागराज में शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि अखिलेश यादल विपक्ष की अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। हम आजीवन सपा में रहेंगे। चाहे पद मिले या नहीं मिले। मुझे पद की लालसा नहीं है। जो जिम्मेदारी मिलेगी उसे निभाएंगे।समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री शिवपाल यादव ने प्रयागराज में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए पद कोई मायने नहीं रखता है। पद मिले या ना मिले आजीवन समाजवादी पार्टी के लिए ही काम करूंगा। यह मेरा अंतिम फैसला है। हालांकि उन्होंने यह भी गिनाया कि मैं प्रदेश अध्यक्ष रह चुका



हूं। महासचिव रह चुका हूं। नेता विपक्षी दल रह चुका हूं और साथ ही मैंने चार बार समाजवादी पार्टी की सरकार बनवाई है। लेकिन इसके बावजूद किसी पद को पाने की कोई लालसा नहीं है। शिलपाल यादव ने कहा कि पार्टी में उन्हें जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी उसे वह ठीक से निभाएंगे, अगर कोई पद या जिम्मेदारी नहीं भी मिली तब भी वह संगठन के लिए काम करेंगे। कार्यकर्ताओं को सक्रिय करेंगे और पार्टी को मजबूत करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अब वह पद को छोड़कर पार्टी को मजबूत करने के काम में लगे हुए हैं। हालांकि उन्होंने यह भी दोहराया कि अब तक उन्हें जो भी पद या जिम्मेदारी मिली है उसे उन्होंने ठीक तरीके से निभाया है। उन्होंने बार-बार दोहराया की कोई पद मिले या ना मिले कोई जिम्मेदारी मिले या ना मिले, लेकिन वह आजीवन समाजवादी पार्टी के साथ ही रहेंगे। मैं समाजवादी परंपरा से हूं, जहां मेरे लिए पद कोई मायने नहीं रखता। शिवपाल यादव ने यह भी कहा कि जयप्रकाश नारायण और डॉक्टर राम मनोहर लोहिया के पास कोई पद नहीं था, लेकिन वह दोनों जब बाहर निकले तो उन्होंने राजनीति में हलचल मचा दी।.त करने का काम करते रहेंगे। शिवपाल ने कहा कि सपा हमारी पार्टी है। नेताजी की बनाई हुई पार्टी है, इसलिए पद मिले या ना मिले मैं आजीवन इसी में रहूंगा। शिवपाल यादव से जब यह पूछा गया कि उन्हें नेता विपक्षी दल बनाए जाने की चर्चा थी, लेकिन दो हफ्ते बाद भी अखिलेश यादव ने इसका एलान नहीं किया तो शिवपाल ने कहा कि वह पहले भी नेता विरोधी दल रह चुके हैं, इस वक्त अखिलेश इस भूमिका को निभा रहे हैं और अच्छे से एवं बेहतर तरीके से निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पद पाना ही सब कुछ नहीं होता, वह निकल पड़े हैं तो पार्टी को इसका फायदा जरूर मिलेगा

# 80 लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ सात गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा जनपद मे अपराध एवं अपराधियों व अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव,कुशल नेतृत्व में थाना इकौना पुलिस ने अभियुक्त राधेश्याम पुत्र छेदी निवासी सेमगढा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को 10 लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना इकौना पर मुकदमा अपराध संख्या 355/2022 धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया। थाना गिलौला पुलिस ने सुशील उर्फ भोला पुत्र नानमून निवासी गिलौली थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती को 10 लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना गिलौला पर मुकदमा आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया।थाना मल्हीपुर पुलिस ने अभियुक्त यामा सिंह पुत्र कल्लू निवासी बसियापुर थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को 10 लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मल्हीपुर पर मुकदमा आबकारी अधिनियम मे पंजीकृत किया । थाना सोनवा पुलिस ने अभियुक्त सतीश कुमार गौतम पुत्र मेवालाल निवासी रतनापुर थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती को 10 लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना सोनवा पर मुकदमा आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया । थाना कोतवाली भिनगा पुलिस ने अभियुक्तगण 1. सतई उर्फ संजय यादव पुत्र तीरथ राम यादव निवासी बनकटवा 2. अलीअहमद उर्फ माधवराम पुत्र उस्मान निवासी गद्दीपुरवा 3.अजय कुमार पुत्र अर्जुन प्रसाद निवासी छोटकईडीह थाना को0भिनगा जनपद श्रावस्ती को क्रमश: 10-10-20 लीटर ( कुल 40 लीटर ) नाजायज कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया।

# अकराबाद में चार कांस्टेबलों को मिली पदोन्नति



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- अकराबाद - कोतवाली एवं सीओ बरला पेशी में तैनात चार कांस्टेबलों को पुलिस विभाग ने प्रोन्नत किया है। सीओ बरला अभय कुमार ने चारों सिपाहियों प्रदीप कुमार , कुलदीप सिंह, पुष्पेन्द्रसिंह, इंतजार खां को अपने पनेठी स्थित कार्यालय में उनकी बाजू पर तीन सफेद पट्टी लगाकर, मिठाई खिलाकर बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये उन्हें पद एवं कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2022-23 के परिपेक्ष्य में जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी( न0नि0 )नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जनपद के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न हुई,बैठक में मतदान हेतु पूर्व से निर्धारित मतदान केन्द्रों एवं मतदान स्थलों को नये क्रमांक आवंटित किये जाने के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।इस दौरान जिला मजिस्ट्रेट ने निर्देश दिया,कि उपलब्ध करायी गई मतदान केन्द्रों/मतदान स्थलों की सूची का परीक्षण करते हुए,निर्वाचन के सम्बन्ध में आगे से नये आवंटित क्रमांकों का प्रयोग किया जाए,उन्होने बताया कि पूर्व निर्धारित मतदान केन्द्रों/मतदान स्थलों के स्थानों में कोई परिवर्तन नही किया गया है।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी डी0पी0 सिंह, उपजिलाधिकारी इकौना रोहित, उपजिलाधिकारी आर0पी0 चौधरी, तहसीलदार भिनगा रामप्यारे, भा0ज0पा0 से जिला महामंत्री रमन सिंह,समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सर्वजीत यादव,राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष,ब0स0पा0 के जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि,आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधि,सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चरण सहित नगर पालिका भिनगा एवं नगर पंचायत इकौना के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अपर जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट का औचक निरीक्षण कर लिया जायजा

प्रेमचंद जायसवाल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-श्रावस्ती अपर जिलाधिकारी ( वि0/रा0 ) डी0पी0 सिंह ने कलेक्ट्रेट का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया।इस दौरान उन्होने समस्त पटलों व राजस्व अभिलेखागार का गहनता से निरीक्षण किया,सभी अभिलेखों को हमेशा चुस्त-दुरूस्त रखने के साथ ही बस्तों के साफ-सफाई पर भी विशेष बल देने हेतु,निर्देशित किया।इसके साथ ही दाखिल दफ्तर होने वाली फाइलों को समय से अभिलेखागार में जमा करने हेतु सम्बन्धित पटल सहायकों को निर्देश दिया।अपर जिलाधिकारी ने राजस्व सहायक कार्यालय का भी निरीक्षण किया,इस दौरान उन्होने सम्बन्धित पटल सहायकों द्वारा देखे जा रहे कार्यो के बारें में भी जानकारी ली और कार्यो को व्यवस्थित ढंग से करने का निर्देश दिया।नजारत के निरीक्षण के दौरान नायब नाजिर अनूप तिवारी द्वारा देखे जा रहे कार्यो की भी जानकारी ली।उन्होने उपस्थित पंजिका सहित अन्य रजिस्टरों/अभिलेखों का भी अवलोकन किया तथा समय से सभी फाइलों एवं रजिस्टरों को हमेशा अपडेट रखने का निर्देश दिया।इसके अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी ने प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय,जिला सूचना कार्यालय,जिला पूर्ति कार्यालय आदि का निरीक्षण कर जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी आर0पी0 चौधरी,प्रशासनिक अधिकारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव,अपर जिलाधिकारी आशुलिपिक के0के0 वैश्य सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कस्बा में रोडबेज बस स्टैंड के निकट चल रही श्रीमदभागवत कथा





लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- अकराबाद - में मंगलवार को कथा व्यास विजय किंकर महाराज जी ने श्री कृष्ण जन्म से लेकर कंस वध तथा गोबर्धन लीलाओं का अपने श्री मुख से सरस कथा का मनोहारी वर्णन किया।
जिसे सुन मौजूद श्रोता मंत्रमुग्ध हो गये। कथा व्यास ने कहा कथा श्रवण से मनुष्य का जहां कल्याण होता है वहीं उसके जन्मजन्मांतर के पाप कटजाते है।अत: मनुष्य को अपने जीवन में समय निकालकर कथा का अबश्य श्रवण करना चाहिए। इस दौरान फकीर चंद यादव,ओमप्रकाश यादव, रामसहाय, राजपाल सिंह फौजी, बीरेंद्र पहलवान, जीतू फौजी, सत्यपाल सिंह यादव, चौ. चरन सिंह यादव, आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गुलाब सलाट को जनगौरव कार्य दर्पण आईकॉन पुरस्कार अवार्ड कला एक्शन एक्टर के तौर पर मिला नासिर खान

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद- गुलाब सलाट को जनगौरव कार्य दर्पण आईकॉन पुरस्कार अवार्ड कला एक्शन एक्टर के तौर पर मिला नासिर खान मुंबई सीएसटी छत्रपति शिवाजी महाराज महाराष्ट्र में 19 नवंबर 2022 सीने मीडिया अवार्ड 20 मार्च 2021 मिला है वाइब्रेट गुजराती फिल्म अवार्ड 2017 मिला है गुलाब का जीवन परिचय गुलाब एक्शन एक्टर आनंद गुजरात की पैदाइश है गुलाब के माता पिता बहुत ही गरीब थे और उनका पूरा जीवन चारपाई के तंबू में गुजार दिया था लेकिन गुलाब के पिता तम्मा भाई सलाट एक हाथ मजदूरी कर कर अपने बेटे को एक अच्छे मुकाम तक पहुंचाने की कोशिश में थे और उसमें एक नाम था गुलाब सलाट का जो 8 वर्ष की उम्र से ही फिल्म बॉलीवुड का लगाव था कि मैं एक बार फिल्मों में काम करूंगा पापा को यह बोला था पापा ने वही बात को लेकर मेहनत करना चालू कर दिया रात दिन मजदूरी कर कर अपने बेटे को एक अकैडमी में जॉइनिंग करवा दिया मार्शल आर्ट कराटे ऑल इंडिया वाडो काई कराटे डो एकेडमी इंडिया इंटरनेशनल मै जॉइनिंग करवा दिया था मैं मेहनत करीबन 5 साल लगातार मेहनत करके अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कराटे मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट की डिग्री हासिल की और में जाकर अपने डांस की कड़ी मेहनत कर कर प्रैक्टिस करते थे बिना मास्टर के अब मुझे डांस एकेडमी में जॉइनिंग होना पड़ेगा डांस के लिए तो उसने आनंद जिला छोड़कर जिमनास्टिक और डांस की ट्रेनिंग लेने गए हैदराबाद वहां से कड़ी मेहनत कर कर 1साल की डिग्री लेकर हैदराबाद से और अपने जिले को वह कर्तव्य दिखा दिया और कुछ नाम हुआ गुलाब के पिता का सर फ़कर से उठ गया अब मेरे बेटे को मुंबई लेकर जाऊंगा और कोई फिल्म में काम दिलाऊंगा आनंद छोड़कर पिता तम्मा भाई गुलाब को लेकर मुंबई गए वहां से एक डायरेक्टर के साथ मुलाकात हुई ?15000 का चूना लगाया गुलाब के पिता तम्मा भाई को फंसा लिया डायरेक्टर ने फिर भी काम नहीं मिला मुंबई छोड़कर वापस अपने शहर आए आनंद कुछ दिनों के बाद गुलाब के पिता तम्मा भाई का देहांत हो गया गुलाब बिल्कुल अकेला और कमजोर पड़ गया अब मैं क्या करूंगा पिता के जाने के बाद हालात ऐसे थे आनंद रामनगर की स्कूल में पढ़ाई करने जाते थे मैत्री विद्यालय रामनगर हालात ऐसे थे आठवीं कक्षा तक पढ़ाई छोड़ना पड़ा घर में काफी परेशानियां बढ़ने लगी दो भाई थे दो बहने थी गुलाब की मां की सोनी बैन उनकी तबीयत भी दिन पे दिन बिगड़ती गई और मां के ऊपर काफी ध्यान रखता था अपनी मां को नहीं खोना चाहता हूं पिता को तो हाथ से खो दिया है लेकिन मां को नहीं खोना चाहता और वहां से डांस के कुछ परफॉर्मेंस कर कर और कराटे क्लासेस चला कर कुछ पैसा जमा कर कर अपना गुजारा चला थे गुलाब और कुछ दिनों के बाद हर जगह जगह हर स्टेट में गए गुलाब और फिल्म प्रोड्यूसर डायरेक्टर से अपने काम के लिए गुजारिश की लेकिन नाकाम रहा अपने शहर वापस आए और फिर अपनी ट्रेनिंग करना चालू कर दिया अपने पापा का शहर का नाम रोशन करूंगा हिम्मत नहीं हारे किस्मत ऐसी जगी सीरियल जय जय जग जननी दुर्गा मां जय बजरंगबली फिल्म में काम करने की शुरुआत सीरियल से हुई गुलाब रात दिन कम से कम 8 घंटा मेहनत और प्रैक्टिस लगातार कराटे मार्शल आर्ट जिमनास्टिक योगा बॉडी स्टंट ब्रेक डांस लाठी नानचाकू तलवार राइफल शूटिंग एवं फिल्मी एक्टिंग करते थे अपने फिल्म के काम के लिए लेकिन कभी थमने का नाम नहीं लेते थे सिर्फ काम करने की धगस से काम करने वाले गुलाब एक्शन एक्टर अपने पिता का नाम रोशन करने का सपना बहुत जल्द पूरा करूंगा



# मण्डल स्तरीय स्किल प्रतियोगिता ( कौशलाथान ) का आयोजन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- संयुक्त निदेशक ( प्रशि0/शिक्षु0 ) मुरादाबाद मण्डल ने बताया है कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कांठ रोड, मुरादाबाद के परिसर में आज मण्डल स्तरीय स्किल प्रतियोगिता ( कौशलाथान ) का आयोजन किया गया। 14 स्किल सैक्टर के अन्तर्गत जिला प्रतियोगिता में 77 प्रतिभागियों का चयन किया गया था, जिसमें से मण्डल स्तरीय स्किल प्रतियोगिता में 21 प्रतिभागियों चयन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्रीमति पुष्पा चैहान पार्षद नगर निगम द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नगद धनराशि, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र मुख्य अतिथि महोदया एवं श्री एम0आर0उस्मानी, संयुक्त निदेशक ( प्रशि0/शिक्षु0, मण्डल, मुरादाबाद द्वारा वितरित किये गये। धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र पाकर प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन हुआ। अब उन्हे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का प्रेरित किया। प्रतियोगिता में श्री मनोज सिंह, प्रधानाचार्य रा0आई0टी0आई0, मुरादाबाद श्री शिव कुमार, प्रधानाचार्य रा0आई0टी0आई0, अमरोहा एवं श्री मंजूल मयंक, प्रधानाचार्य रा0आई0टी0आई0, बिजनौर द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# किशोरी से दुष्कर्म में दोषी को बीस साल की कैद, 2016 में दिया था वारदात को अंजाम

मुरादाबाद-मैनाठेर थानाक्षेत्र के गांव निवासी एक ग्रामीण ने 21 दिसंबर 2016 को मुकदमा दर्ज कराया था कि उसकी 14 वर्षीय बेटी 20 दिसंबर की सुबह करीब छह बजे शौच के लिए जंगल गई थी। काफी देर तक भी वह वापस नहीं आई। किशोरी को पुलिस ने 15 दिन बाद बरामद किया था। मैनाठेर के छह साल पुराने किशोरी से दुष्कर्म के मामले में अदालत ने मुलजिम को दोषी करार देते हुए 20 साल की कैद और 60 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। मैनाठेर थानाक्षेत्र के गांव निवासी एक ग्रामीण ने 21 दिसंबर 2016 को मुकदमा दर्ज कराया था कि उसकी 14 वर्षीय बेटी 20 दिसंबर की सुबह करीब छह बजे शौच के लिए जंगल गई थी। काफी देर तक भी वह वापस नहीं आई। इसके बाद पिता और अन्य परिजन किशोरी की तलाश में जुट गए थे। तब गांव के ही दो व्यक्तियों ने बताया कि उसकी बेटी को नासिर निवासी महमूदपुर माफी बाइक पर बैठाकर अपने साथ कहीं ले जा रहा था। इसके बाद पुलिस ने नाबालिग लड़की की तलाश शुरू कर दी थी। किशोरी को पुलिस ने 15 दिन बाद बरामद किया था। उस पर 60 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

# आचार संहिता उल्लंघन: कांग्रेस नेता असद मौलाई की जमानत मंजूर, इमरान प्रतापगढ़ी और अहमद बेग के खिलाफ वारंट जारी




मुरादाबाद- गलशहीद थाने में वर्ष 2019 में इमरान प्रतापगढ़ी व अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। इसमें इमरान पर लोकसभा चुनाव के दौरान रुपये देकर भीड़ एकत्र करने, पुलिस कार्य में बाधा उत्पन्न करने एवं समय समाप्त होने के बाद भी जुलूस निकालने का आरोप लगा था। आचार संहिता उल्लंघन के मामले में कांग्रेसी नेता असद मौलाई की जमानत अर्जी अदालत ने स्वीकार कर ली है। मुरादाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके इमरान प्रतापगढ़ी और अहमद खान बेग के खिलाफ वारंट जारी करते हुए सुनवाई के आगामी 9 जनवरी लगा दी गई है। गलशहीद थाने में वर्ष 2019 में इमरान प्रतापगढ़ी व अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। इसमें इमरान पर लोकसभा चुनाव के दौरान रुपये देकर भीड़ एकत्र करने, पुलिस कार्य में बाधा उत्पन्न करने एवं समय समाप्त होने के बाद भी जुलूस निकालने का आरोप लगा था।

जिस मामले में कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी के अलावा हाजी रिजवान कुरैशी, फैजान, मोहम्मद कामिल, अहमद खान बेग, असद मौलाई व अन्य भी नामजद किए गए थे। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट स्मिता गोस्वामी की अदालत में चल रही है। विशेष लोक अभियोजक मोहनलाल विश्नोई ने बताया कि मंगलवार को कांग्रेसी नेता असद मौलाई की जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए 30-30 हजार रुपये की दो जमानत अदालत ने तलब की है। साथ ही मुकदमे के मुख्य आरोपी इमरान प्रतापगढ़ी एवं अहमद खान बेग के खिलाफ वारंट जारी कर दिए गए हैं। मुकदमे की अगली सुनवाई 9 जनवरी को की जाएगी।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# New scope of liability

The first sign of good governance is administration at work i.e. if the government machinery works to its full capacity within the ambit of responsibility, then the efforts of the government will prove effective. Whether we see the new government of Himachal in the court of Delhi or feel the pace of Rahul Gandhi's visit to India, but the events of the state are telling that Sukhwinder Sukhu, as Chief Minister, has given the customary punishment of his instructions. By moving away from the post-medal and bypassing the pressure of transfer, the Chief Minister has made a blueprint to beautify the practical side of the administration, otherwise how would the government be born in Delhi and Atbar in Himachal. Firstly, the government's efforts would not have been effective in the midst of the onslaught of the cement crisis. There would not have been a direct, clear and blunt talk with both the closed industries under the leadership of the Chief Secretary. Here the District Collectors of Bilaspur and Solan are also seen keeping an eye on every aspect of cement. For the first time, underlining its intentions and objectives, the government is making the administration free and independent in its style, and if there are meaningful results of administrative intervention on this issue, then it will open many options to take the working style of the government to new heights. Will prove to be helpful in carving. The first coronation of good governance was taking place in a state very different from the circumstances in which the Chief Minister, Deputy CM and all the Congress MLAs were chanting about their power in Delhi. In the format of two important decisions, the government had given instructions to find out the basic requirements related to the construction of electric vehicles and heliport. These days, more or less every District Magistrate has worked on two priorities as soon as possible and as soon as possible. Means everyone has almost selected the site for construction of charging station and heliport. The beautiful aspect is that all this work is being completed without any political interference. Due to this, a pleasant feeling of government work culture has been felt in the beginning itself and if in the generality of such decisions, importance will be given to administrative prudence in the same way, then not only transparency will come, but many works will also discharge the priorities of the state honestly from non-political point of view. Governments often undermine good governance, budgetary discipline, growth balance and fiscal base due to their political priorities. In such a situation, if regional plans-priorities are developed in the framework of good governance on a permanent basis, then the political leadership will be able to do remarkable work in the role of its vision. Pointing to new efforts against corruption and for employment, the Sukhu government has also indicated that there will be no unnecessary transfers. It remains to be seen how far the government's vision goes on these subjects, but plans will be made for the entire state, such are the initial instructions for construction of charging stations and heliports. If a land bank is created for development, then there will be availability of land for every need of future development. office of all the departments regarding the basic facilities of the rural people, from where the dispensary, veterinary center, patwari office and panchayat office can run.

# Poonam forgot everything while dancing intoxicated, this actress's ex-husband had to handle

Bollywood's bold and sensuous actress Poonam Pandey always remains in headlines for one reason or the other. Wherever she is, everyone's eyes are fixed only on her. Poonam's latest videos and pictures are the talk of the town every day. Meanwhile, one of his latest bold dance videos is becoming very viral on the internet. In this video, Poonam is seen dancing in an inebriated state. During this, Poonam was lost in the dance in such a way that she was not even aware of herself. In such a situation, Poonam was taken care of by the ex-husband of a TV actress. During this time the video is being seen repeatedly on social media. Poonam Pandey was handled by the actress's ex- Actually, Poonam Pandey's dance video going viral is not from today but old. In this video, Pandey is seen dancing in a party. During this, his bold avatar is being seen as always. In the video you can see that TV actress Sara Khan's ex-husband Ali Merchant is also seen along with Poonam. Ali is seen dressed as a DJ at the party. On the other hand, Poonam got hung up on the party in such a way that she lost her senses. Poonam is seen being handled by Ali Merchant in the party. Poonam and Ali are seen in full fun mood with each other. The video is being well-liked on social media. Poonam's bold look in the party was like this - Talking about Poonam Pandey's look in this video, she wore a fitted black crop top. With this, he wore blue colored denim. His crop top was so short that it was being lifted upwards again and again. At the same time,, Poonam had to become a victim of Oops Moment (Poonam Pandey oops Moment Video) many times. Along with Poonam and Ali, lockup show contestant and famous fashion designer Sayesha Shinde is also seen in this party.



## Varun Dhawan will play the main character in the Indian remake of Citadel, said - eagerly waiting for the shooting

Russo Brothers' awaited series 'Citadel' is Amazon's first costliest series, with two episodes 'The Lord of the Rings' and 'The Rings of Power' released on December 2. The budget of 'Citadel' web series is around $235 million. Prime Video recently confirmed the lead cast of the Indian installment of Citadel Universe, a first-of-its-kind global-event series from Prime Video and Russo Brothers' ABGO. India's untitled Citadel series will star Varun Dhawan in the lead and will be helmed by renowned creator duo Raj and DK, who are the directors and show runners of the series. Gaurav Gandhi, Vice President, Prime Video India said that team 'Citadel' is set to launch in India. We are very excited to do so. 'Citadel' is a global franchise that will connect the world. With this project, we continue our mission of borderless entertainment to produce local original content that can be enjoyed by audiences across the globe. Local productions of 'Citadel' take place in several countries, forming an interconnected storyline. 'This is a first of its kind innovation in storytelling.' He further added, “We are extremely happy that Varun Dhawan will be playing the lead role in this super exciting Indian installment of the franchise. Josh Applebaum, Andre Nemec, Jeff Pinkner and Scott Rosenberg serve as executive producers for Midnight Radio on all series within the Untitled Indian Original and Global Citadel Universes.



# किसी राजनीतिक दल के सिंबल से नहीं बल्कि.

# निर्दलीय चुनाव में फिर उतरेंगे राकेश गांधी

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- किसी राजनीतिक दल के सिंबल से नहीं बल्कि. निर्दलीय चुनाव में फिर उतरेंगे राकेश गांधी. एटा. शहर की जनता के दिलों पर राज करने वाले राकेश गांधी. तीसरी बार अपना भाग्य आजमाने के लिए. नगर पालिका परिषद एटा के चुनाव में. इस बार पुणे निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना भाग्य आजमा आएंगे. अपनी जीत के प्रति. अस्वस्थ होते हुए. श्री गांधी ने. हमारे संवाददाता से एक विशेष भेंट में. बताया कि मैं किसी राजनीतिक दल से नहीं. चुनाव लड़ लूंगा और ना ही किसी पार्टी को ज्वाइन कर लूंगा. एटा शहर की जनता मुझे व्यक्तिगत रूप से मेरे कार्य को मेरी कार्यशैली को तथा मेरे विकास को तथा उनके बीच. सहयोग को जानती है. जो कार एटा शहर में मैंने. सरकारी ढंग से नहीं बल्कि अपनी व्यक्तिगत पूंजी से. जरूरतमंद लोगों की मदद में किए हैं. गांधी एटा की जनता के दिलों पर राज करते हैं. राकेश गांधी का काम बोलता है. तभी तो 2 बार लगातार उनके परिवार में एटा नगर पालिका परिषद की चेयरमैन ई रही है. एक बार व स्वयं चेयरमैन रह चुके हैं दूसरी बार महिला




सीट होने के बाद. उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मीरा गांधी. इस बार चेयरमैन रही हैं. अपनी चुनावी तैयारी के बीच. उन्होंने अपनी कार्यशैली को बताया कि एटा में. गलियों तथा लिंक रोड ऊपर. निशुल्क ई रिक्शा चलाए जाएंगे जिसमें माताएं बहने बाजार आ सकेंगे. उन्होंने आगे बताया कि आरो का पानी आम आदमी को नसीब नहीं होता था इसके लिए कचहरी वाटर वर्क्स स्थित उन्होंने एक आरो प्लांट लगवाया है जिसमें से कोई भी व्यक्ति अपनी बोतल निशुल्क पर अकेले जा सकता है. साथ ही उन्होंने एटा शहर में अपराध को रोकने के लिए सीसी कैमरे लगाए जाने पर कहा. तथा जाम की समस्या से निपटने के लिए उन्होंने पुलिस के आला अधिकारियों को. आग्रह किया है कि एटा शहर में बाईपास बनने के बावजूद भी भारी वाहन प्रवेश कर रहे हैं इसके कारण जाम की स्थिति लगी रहती है. साथ ही उन्होंने घोषणा की के एटा शहर में सीवर लाइन पड़ने के कारण. मुख्य सड़क तथा गलियों की जो स्थिति खराब हुई है उसको प्राथमिकता के आधार पर सुधार कराया जाएगा. श्री गांधी ने एटा के जनता से. अपील की कि वह किसी भी प्रकार की समस्या के लिए उनके आवास व कार्यालय में कभी भी किसी भी वक्त मिल सकते हैं उनकी हर समस्या के निवारण हेतु. आवश्यक कदम उठाए जाएंगे.

# डीएलएड परीक्षा में 383 अनुपस्थित रहे



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-डीएलएड के द्वितीय सेमिस्टर की परीक्षा दो पालियों में सोमवार से शुरू हुए है।

प्रथम पाली में 192 और दूसरी पाली में 191 छात्र अनुपस्थित रहे। डायट प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार को जिले में नौ केंद्रों पर परीक्षा हुई है। दो पालियों में प्रथम और दूसरे प्रश्न पत्र का पेपर हुआ है। प्रथम पाली में पंजीकृत 3033 छात्र में से 2841 शामिल हुए है। प्रथम पाली में 192 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में पंजीकृत 3033 में से 2842 शामिल हुए और 191 अनुपस्थित रहे।

# स्कुलो में टीचरों द्वारा बच्चो पर किये जा रहे अत्याचार

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-नगर के कुछ स्कुलो में टीचरों द्वारा बच्चो पर किये जा रहे अत्याचार.? बच्चो को कई कई घन्टो हाथ ऊपर कर खड़े रहने की दी जा रही सज़ा.?

पढाई करने आ रहे बच्चो पर इस तरह के अत्याचार के चलते अनेको बच्चो कई बार होना पड़ रहा चक्कर आकर गिर जाने व पढाई से मोह भंग का शिकार.? नोसिखिये व चीड़चिड़े तथा 2, हज़ार की सैलरी वाले टीचरों के हाथो में बच्चो का भविष्य सोप प्रबन्धक मोहदय ले थे मौज.? शिक्षा को तिज़ारत बना कभी लेट फीस टी कभी बिल्डिंग व कभी खास दिन के नाम पर मासिक फीस से अलग रकम ले अपनी जेबें भरने में लगे हुए स्कूल प्रबन्धक मानको को टांक पर रख अभिभावकों की जेबो पर डाल रहे डाका.? अभिभावकों से अपील कम से कम महीने में एक दो बार स्कूल जाकर अपने बच्चे का हाल जरूर जाने व अपने बच्चो को हिदायत करे कि स्कूल में अगर उनके साथ कुछ गलत हो रहा हाव् तो उसे घर आकर जरूर बताएं।

# वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय श्री सेवती लाल व्यास जी के चित्र का अनावरण

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के प्रांगण में वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय श्री सेवती लाल व्यास जी के चित्र का अनावरण हुआ। अनावरण के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री विजय शंकर उपाध्याय जी जनपद न्यायाधीश एटा, के कर कमलों द्वारा हुआ अनावरण कार्यक्रम में मोटर एक्सीडेंट टर्मिनल न्यायाधीश श्रीमती अल्पना प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय श्री राजबहादुर,अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री नरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से व्यास जी के चित्र का अनावरण किया मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश महोदय है विचार रखते हुए कहा हम सबकी सच्ची श्रद्धांजलि व्यास जी को तब है जब हम उनके आदर्श पर चलें उनके चरणों को अपना आदर्श बना कर अपने जीवन में उतारे।

प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ने विचार रखते हुए का हम सब एक कुटुम है एक परिवार है और हम सबको व्यास जी को आदर्श बनाकर उनके आज उनके आचरण को धारण कर कर एक दूसरे का सम्मान और सहयोग



करना चाहिए।

इस कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी गण भी उपस्थित रहे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एटा अनिल कुमार जी एडीजे कैलाश कुमार ,कुमार गौरव एवं अधिवक्ताओं ने अपने विचार रखे चुप सिंह बघेल , सुभाष शर्मा एडवोकेट ,अमित जौहरी एडवोकेट, कलेक्टर बार के अध्यक्ष रमेश मिश्रा जी महामंत्री रोहित पुंडीर आदि ने विचार व्यक्त किए इस अवसर पर स्वर्गीय श्री सेवती लाल व्यास जी के परिवार से उनकी धर्मपत्नी एवं पुत्र धर्मेंद्र सिंह आर्यन कुमार अमित राज उनकी बेटी नरेश नंदनी एवं पुत्रवधू आदि लोग उपस्थित रहे। अधिवक्ता अरुण उपाध्याय नारायण भास्कर दीपक शर्मा एडवोकेट ज्ञानेंद्र गौतम एडवोकेट प्रवीण शुक्ला एडवोकेट पंकज कनौजिया एडवोकेट हिमांशु कुलश्रेष्ठ एडवोकेट, आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता अमित जौहरी ने किया।

# 2 को आजीवन कारावास एवं 25,000 रुपये के जुर्माने की मिली सजा

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते हत्या के मामले में दो अभियुक्तों को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय से आजीवन कारावास एवं ?25,000 रुपये के जुर्माने की मिली सजा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- आज दिनांक 19/12/2022 को अभियुक्त शेखर सिन्हा पुत्र नरेंद्र बिहारी निवासी मोहल्ला नवाब थाना कासगंज जनपद कासगंज व रवेन्द्र कुमार पुत्र महेंद्र कुमार निवासी उपरोक्त संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 301/2002 धारा 147, 148, 149, 302 आईपीसी थाना कासगंज को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय एफटीसी-प्रथम द्वारा प्रत्येक अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं 25,000 रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया।

# विभिन्न थाना क्षेत्रों से 22 क्वार्टर अवैध देशी शराब व 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जनपदीय पुलिस द्वारा अवैध शराब व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों से 22 क्वार्टर अवैध देशी शराब व 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद तथा 100 लीटर लहन को किया मौके पर नष्ट, 02 अभियुक्त गिरफ्तार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शराब तथा शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों से बरामद की गई अवैध शराब का विवरण निम्नलिखित है- थाना कोतवाली देहात अभियुक्त सुरेन्द्र पुत्र शिव सिंह निवासी बिजौरी थाना कोतवाली देहात एटा को 22 क्वार्टर अवैध देसी शराब तथा अभियुक्त वकील पुत्र समसुद्दीन निवासी ग्राम मानपुर थाना कोतवाली देहात एटा को 05 लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया गया है। थाना कोतवाली नगर थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई है तथा 100 लीटर लहन को मौके पर नष्ट किया गया है। अभियुक्त तंग गली का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

# नगरपालिका अध्यक्ष के.के. अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों ने किया सूचना सह शिविर प्रदर्शनी का अवलोकन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में 17 दिसंबर को राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में छत्तीसगढ़ गौरव दिवस मनाया जा रहा है। राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए आज मंगलवार को जिला मुख्यालय के पुराना बस स्टैंड के सामने दो दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के मार्गदर्शन में छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। पिछले 4 साल के महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी कार्यों और उपलब्धियों पर आधारित जनसंपर्क विभाग की छायाचित्र प्रदर्शनी से लोगों को सहजता से योजनाओं की जानकारी मिल रही है। नगर पालिका अध्यक्ष श्री के के अग्रवाल, पार्षद विरेन्द्र बंसल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधी एवं मीडिया प्रभारी प्रवेश गोयल, राकेश गुप्ता ने सूचना सह शिविर छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान सूरजपुर एसडीएम रवि सिंह तथा वरिष्ठ पत्रकार नवभारत के जिला प्रतिनिधि सुनील अग्रवाल ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सभी ने छत्तीसगढ़ शासन के जनहितैसी योजनाओं की सराहना की। प्रदर्शनी में आये शिक्षक रविशंकर दुबे, दिलीप चौबे, लीलावती स्व सहायता महिला समूह डुमरिया, शिक्षक ईश्वर सिंह, अनिल गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों तथा छात्र-छात्राओं ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य सरकार की श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर योजना, राजीव युवा मितान क्लब, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गोधन न्याय योजना, सुराजी गांव योजना, कोदो कुटकी एवं रागी की उत्पादकता बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ मिलेट मिशन, समर्थन मूल्य पर लघु वनोपजो की खरीदी, छत्तीसगढ़ न्याय की नई परिभाषा के तहत कर मुक्त किसान, सशक्त आदिवासी, लाभान्वित श्रमिक, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना, नई उद्योग नीति की सफलता, आर्थिक तरक्की करता छत्तीसगढ़-निर्यात में पौने तीन गुना की वृद्धि, कृष्ण कुंज योजना के तहत उपयोगी वृक्षों का रोपण एवम अमूल्य विरासत का संरक्षण तथा बिजली बिल हाफ योजना की जानकारी प्रदर्शित की गई है। इसके साथ ही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिकाओं एवं पंपलेट का वितरित भी किए जा रहा हैं।

# एसडीओपी ने थाना ओड़गी का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण,कानून व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखते हुए बेहतर पुलिसिंग करने के निर्देश दिए



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर तथा जारी रोस्टर के अनुसार एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी ने मंगलवार को थाना ओड़गी का द्वितीय अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओपी द्वारा पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों के वेश-भूषा का जायजा लिया और उत्कृष्ट टर्न आउट पर जवानों को पुरस्कृत करने प्रतिवेदन भेजा।

पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के साथ ही कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में मार्गदर्शन दिया। एसडीओपी ने पुलिस जवानों को हमेशा खुश रहने का टिप्स दिए व उनकी समस्याओं को सुनते हुए यथोचित निराकरण का आश्वास दिया। थाना प्रभारी व विवेचकों को लंबित अपराधों, मर्ग, गुम, शिकायत और लंबित वारंटों की निकाल करने, थाना में फरियाद लेकर आने वाले लोगों से बेहतर संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए तत्काल उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। थाना के रिकार्ड संधारण व साफ-सफाई बेहतर पाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी ओड़गी एन.के.त्रिपाठी, चौकी प्रभारी कुदरगढ़ एन.के.राय, सहित थाना ओड़गी व चौकी कुदरगढ़ के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।


# सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक संपन्न,सड़क एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर दिया गया जोर

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री खेलसाय सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में प्राधिकरण की बैठक संपन्न हुई। अध्यक्ष श्री खेलसाय सिंह ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया एवं सरगुजा क्षेत्र के आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी एवं सुझाव आमंत्रित किया। सरगुजा कमिश्नर डॉ. संजय कुमार अलंग ने सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत किए जा रहे विकास कार्यों की एजेंडावार जानकारी दी। पुलिया निर्माण, सड़क निर्माण, तटबंध, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, जल संरक्षण, पर्यटन को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किया गया। जिसमें सड़क एवं स्वस्थ सुविधाओं पर विशेष जोर दिया गया। बेहतर चिकित्सा हेतु डॉक्टरों की भर्ती एवं एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। बैठक में जाति प्रमाण पत्र में मात्रा त्रुटि, किसानों को लोन लेने तथा बैंक से पैसा निकालने में कठिनाई होने संबंधी शिकायतों पर चर्चा किया गया। मात्रा एवं अक्षर संबंधी त्रुटि का सुधार किया जाकर प्राथमिकता से तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए गए एवं किसानों को लोन लेने एवं पैसा निकालने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो लीड बैंक को व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। पूरे संभाग में बिजली गुल होने संबंधी चर्चा करते हुए मुख्य अभियंता को तत्काल सुधार किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। मानव तस्करी के प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है एवं आरोपियों पर कार्रवाई की गई है। एसईसीएल कोरिया, सूरजपुर के अधीन अनुपयोगी जमीनों को वापस किए जाने के संबंध में कलेक्टर सूरजपुर द्वारा अवगत कराया गया कि एसईसीएल क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न कोयला परियोजना हेतु भूमि कोल बायरिंग एक्यूजेशन एंड डेवलपमेंट एक्ट 1957 के प्रावधानों के तहत अधिकृत है। इस प्रावधान के तहत कंपनी को केंद्र सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना भूमि अधिकार किसी अन्य व्यक्ति को अंतरित करने की शक्ति नहीं होगी। एसईसीएल बिश्रामपुर द्वारा अवगत कराया गया कि भूमि पर सोलर पावर प्लांट लगाने की कार्यवाही की जा रही है। उपस्थित प्रतिनिधियों ने दुर्घटनाग्रस्त कोयला खदान को डिस्मेंटल करने एवं अधिग्रहित परिवार को नियमानुसार मुआवजा देने सुझाव दिया गया। सरगुजा संभाग के स्थानीय निवासियों को तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी की भर्ती में प्राथमिकता दिए जाने पर जोर दिया गया।सड़क क्षेत्र में सरगुजा संभाग बहुत ही पिछड़ा है इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पत्थलगांव से कुनकुरी के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने कुनकुरी विधायक यू डी मिंज द्वारा कहा गया। अंबिकापुर जशपुर ,बलरामपुर के रोड अत्यंत खराब है मरम्मत एवं निर्माण कार्य गंभीरता से करने कहा गया है जिससे आवागमन में सुविधा प्राप्त हो सके। सड़क निर्माण कार्य समय में पूर्ण करने के लिए कहा गया। जगह-जगह ट्यूबवेल की खुदाई होने से दिनों दिन पानी का जलस्तर नीचे गिर रहा है । नालों में बांध बनाया जाए, तलाब एवं डबरी का कार्य, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को बढ़ावा दिए

# रामपुर धान खरीदी केंद्र पर अच्छी व्यवस्था,278 किसानों से 14986 क्विंटल धान खरीदी



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-ओड़गी - जिले के ओड़गी विकास खंड अन्तर्गत रामपुर धान खरीदी केंद्र पर धान खरीदी की इस वर्ष अच्छी व्यवस्था की गई है। किसानों को किसी भी प्रकार के दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ रहा है। टोकन,बरदाना समेत किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं हो रही है। इस वर्ष निगरानी समिति भी गठित कर लिया गया है। अब तक रामपुर धान खरीदी केंद्र में 278 किसानों से 14986 क्विंटल धान खरीदी किया जा चुका है।समिति प्रबंधक ने बताया कि किसानों की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जा रहा है। सीमांत एवं छोटे किसानों का विशेष रूप से ख्याल रखा जा रहा है। हर दिन जिस तरह से अनुमानित खरीदी होनी है, उसके मुताबिक व्यवस्था किया जा रहा यदि किसी तरह की दिक्कत आती है तो नोडल अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर समस्या का समाधान किया जा रहा है। समिति में आर्द्रतामापी, नापतौल, कांटाबाट आदि की व्यवस्था की गई है। निगरानी समिति द्वारा मेंटेन किये जाने वाले रजिस्टर को देखा जा रहा है। रामपुर धान खरीदी केंद्र में किसानों की सुविधाओं को सुनिश्चित रखने तथा समय पर धान खरीदी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जरूरी कदम उठाया गया है निगरानी समिति ने बताया कि काफी अच्छा कार्य हो रहा है।इस मौके पर एनएसयूआई जिला महासचिव कमलेश यादव , के साथ निगरानी समिति सदस्य भैयालाल यादव, भगत राम राजवाड़े? समिति केन्द्र पर पहुंचे। इस मौके पर समिति प्रबंधक कृष्णा राजवाड़े, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भवंरलाल धुर्वे, विभू सिंह, लक्ष्मण सिंह,व भारी संख्या में किसान बन्धु उपस्थित रहे।

# छात्र आंदोलन की आग में सुलगा पूरब का आक्सफोर्ड, सुरक्षाकर्मियों पर फायरिंग का आरोप



प्रयागराज- छात्रों और सुरक्षाकर्मियों के बीच सोमवार को टकराव और आगजनी के बाद इलाहाबाद विश्वविद्यालय में एक बार फिर छात्र आंदोलन को हवा मिल गई है। फीस वृद्धि और छात्रसंघ बहाली को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहे छात्रों की मांग अनसुनी करने और उन पर मुकदमे लादे जाने से छात्र पहले से ही नाराज थे। छात्रनेता विवेकानंद पाठक का सिर फटने की घटना ने आग में घी का काम किया। छात्रों के आक्रोश के पीछे इवि के छात्रसंघ भवन गेट पर लटका ताला भी था, जो कई उग्र आंदोलनों की शुरुआत की वजह बना।पहले भी छात्र कर चुके हैं आत्मदाह की कोशिश- आपको बता दें सोमवार को पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी की वजह भी यही गेट बना। छात्रसंघ बहाली और फीस वृद्धि को लेकर छात्र पिछले चार महीने से आंदोलन कर रहे हैं। दो बार छात्र आत्मदाह की कोशिश भी कर चुके हैं। कई बार कुलपति कार्यालय पर छात्रों ने भारी उपद्रव भी किया पर छात्रों ने कभी हिंसा का सहारा नहीं लिया था। प्रदर्शनकारी छात्रों पर इवि की ओर से दर्जनों मुकदमे लादे गए थे।कुलपति एक बार भी छात्रों से वार्ता के लिए नहीं आईं। यह मामला लोकसभा में भी उठाया जा चुका है।छात्रों ने लगाया सुरक्षाकर्मियों पर आरोप- इस बीच छात्रों ने आमरण अनशन खत्म कर इसको पूर्णकालिक अनशन में बदल दिया था। विश्वविद्यालय में कई दिनों से धरना-प्रदर्शन भी नहीं हो रहे थे। विश्वविद्यालय में एक जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित था।इस बीच इवि प्रशासन की लापरवाही ने कैंपस को हिंसा की चपेट में ला दिया। शांत बैठे छात्रों को आंदोलन का एक नया रास्ता मिल गया है। छात्रों का सवाल है कि छात्रसंघ गेट से कार के साथ अंदर गए छात्रनेता विवेकानंद पाठक से हुए विवाद के बाद प्राक्टोरियल बोर्ड के सदस्य जब मौके से चले गए थे तो कुछ देर बाद सुरक्षाकर्मियों की फौज को छात्रसंघ भवन पर क्यों भेजा गया? आरोप है कि सुरक्षाकर्मियों ने छात्रों को दौड़ाकर पीटा। इसके जवाब में छात्रों ने भी पथराव शुरू कर दिया था। विश्वविद्यालय के इस अदूरदर्शी फैसले पर अब सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं इस उपद्रव के बाद छात्र सुरक्षाकर्मियों पर फायरिंग का आरोप लगा रहे हैं और इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रों पर।अवकाश न होता तो और उग्र होता आंदोलन- बता दें इस समय विश्वविद्यालय ने 2 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित कर रखा है। इसकी वजह से छात्रावासों में रहने वाले ज्यादातर छात्र घर चले गए हैं। विश्वविद्यालय में बवाल के बाद छात्रावासों से छात्रों को बुलाया गया तो एसएसएल, के पीयूसी, हालैंड हाल, डायमंड जुबली, ताराचंद, शताब्दी छात्रावासों से छात्र दौड़ पड़े। लेकिन यह संख्या एक चौथाई भी नहीं थी। छात्रावासों से निकलकर सड़कों पर एकजुट छात्रों को पुलिस ने इवि के अंदर नहीं जाने दिया।दहशत में रहे विश्वविद्यालय के कर्मचारी- प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार छात्रों का हूजुम जब इवि कैंपस में घुसा तो पुलिस के सैकड़ों जवान भी साथ-साथ थे। पुलिस छात्रों को समझाने की कोशिश कर रही थी और छात्र आक्रामक थे। विश्वविद्यालय के कई गेटों पर ताला जड़ दिया गया था। परीक्षा नियंत्रक कार्यालय और कुलपति कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी अंदर दुबके रहे। इस दौरान वहां खड़ी मोटरसाइकिलों में आगजनी की गई। नार्थ हाल के बाहर लगे गमले तहस-नहस कर दिए।केंद्रीय पुस्तकालय के पास छिपे रहे सुरक्षाकर्मी- दलबल के साथ छात्रों को खदेड़ने वाले सुरक्षाकर्मियों को इस तरह से पलटवार का अंदाजा नहीं था। कुलपति कार्यालय के रास्ते छात्र लाइब्रेरी गेट की ओर बढ़े तो वहां सुरक्षाकर्मी खड़े थे। छात्रों के आक्रोश को देखते हुए सुरक्षाकर्मी वहां से जान बचाकर भागे और पार्क में इकठ्ठा हो गए। कुछ छात्रों ने पत्थर फेंके तो वह भागकर अंग्रेजी विभाग में छिप गए। डीएम के सामने भी कुछ कार के शीशे तोड़े गए।

# 21 दिन बाद स्कूल गई छात्रा, नाबालिग पर कार्रवाई के लिए पुलिस ने कोर्ट से मांगी अनुमति

मुरादाबाद-पाकबड़ा ( मुरादाबाद )। छेड़खानी से तंग आकर स्कूल छोड़ने वाली 6वीं की छात्रा और उसके परिवार को पुलिस ने घर जाकर सुरक्षा का भरोसा दिया। इसके बाद पीड़िता 21 दिन बाद स्कूल गई। उधर आरोपी के नाबालिग होने के कारण पुलिस बाल कल्याण अधिकारी ने एक रिपोर्ट किशोर न्यायालय बोर्ड को भेजी है। कोर्ट के आदेश पर इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। छात्रा का परिवार मूलरूप से नेपाल निवासी है। उसके पिता दिल्ली रोड स्थित निर्यात फर्म में नौकरी करते हैं। कक्षा आठ में पढ़ने वाला आरोपी नाबालिग छात्रा को बीस दिन से परेशान कर रहा था। आरोप है कि तीन माह पहले भी इस नाबालिग मनचले ने छात्रा के साथ-छेड़खानी की थी। तब परिवार से शिकायत करने के बाद कुछ दिन आरोपी शांत हो गया था लेकिन इसके बाद फिर से हरकतें करने लगा था। आरोपी नाबालिग छात्रा का पीछा स्कूल तक करने लगा। जिससे छात्रा ने स्कूल जाना बंद कर दिया था। शुक्रवार-की शाम को जब छात्रा कूड़ा डालने के लिए घर से निकाली थी तो आरोपी आ गया और उसने छेड़खानी की और उसे उठा कर ले जाने की धमकी दी। छात्रा के पिता ने इस मामले की जानकारी पुलिस को दी थी। पिता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया की पीड़ित और आरोपी नाबालिग हैं। थाने पर तैनात बाल कल्याण अधिकारी को इस मामले की जांच के लिए लगाया गया है। पूरे मामले की रिपोर्ट बनाकर किशोर न्यायालय बोर्ड भेजी गई है। किशोर न्यायालय बोर्ड के आदेश पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।


# PM से मिले आकाश सक्सेना: मोदी बोले- रजा लाइब्रेरी को दिलाई जाएगी वैश्विक पहचान



रामपुर के नवनिर्वाचित भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने मंगलवार को संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि रजा लाइब्रेरी को वो हर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी जो एक विश्व स्तरीय लाइब्रेरी में होनी चाहिए। इसको लेकर वो केंद्रीय संस्कृति मंत्री से बात करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि उन्होंने रामपुर की रजा लाइब्रेरी के बारे में बहुत कुछ सुना और पढ़ा है। इस लाइब्रेरी में संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों के बारे में उनको जानकारी है। रजा लाइब्रेरी में कुछ ऐसी पांडुलिपियां हैं जो दुनिया में कहीं भी उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इस लाइब्रेरी को वैश्विक पहचान दिलाई जाएगी। सरकार की कोशिश होगी कि इस लाइब्रेरी की गिनती दुनिया की सबसे बेहतरीन लाइब्रेरी के रूप में हो। प्रधानमंत्री ने ये बातें मंगलवार को संसद भवन में रामपुर के नवनिर्वाचित भाजपा विधायक आकाश सक्सेना से मुलाकात के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि रजा लाइब्रेरी को वो हर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी जो एक विश्व स्तरीय लाइब्रेरी में होनी चाहिए। इसको लेकर वो केंद्रीय संस्कृति मंत्री से बात करेंगे।

प्रधानमंत्री ने आकाश सक्सेना को यह बताया कि उनको रामपुर के इतिहास और यहां की परंपराओं की जानकारी रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रामपुर कला और संस्कृति का प्रमुख केंद्र रहा है। उसकी पहचान सिर्फ देश स्तर पर ही नहीं बल्कि दुनिया भर में है। रामपुर की पुरानी पहचान को फिर से स्थापित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि रामपुर को उत्तर प्रदेश का प्रमुख औद्योगिक शहर बनाने की दिशा में भी सरकार काम करेगी। इसको लेकर केंद्र सरकार हर संभव सहयोग करेगी।

# घर में नहीं है कोई पुरुष... बहन ने दी बड़े भाई को गढ़मुक्तेश्वर धाम के ब्रजघाट पर मुखाग्नि



मुरादाबाद-घर में कोई पुरुष नहीं होने पर बहन ने बड़े भाई को मुखाग्नि दी। भाई की मौत के बाद छोटी बहन ने अंतिम संस्कार की परंपरा निभाई। मुरादाबाद में आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ता केके कौशिक के निधन से शोक की लहर है। मुरादाबाद के कांठ में लंबे समय तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ( आरएसएस ) और विश्व हिंदू परिषद से जुड़े रहे नगर के मोहल्ला पटेगंज निवासी वरिष्ठ समाज सेवी कृष्ण कुमार कौशिक का लंबी बीमारी के चलते 68 की आयु में निधन हो गया।

उनके निधन से नगरवासियों में शोक की लहर दौड़ गई। घर में कोई पुरुष न होने के कारण उनकी छोटी बहन ने मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार की परंपरा को निभाया। कृष्ण कुमार कौशिक पुत्र देवेंद्र दत्त कौशिक अपने तीन भाई और चार बहनों में दूसरे नंबर के थे।

उनके सबसे बड़े भाई शिव कुमार कौशिक, छोटे भाई विजय कुमार कौशिक और भतीजे की पहले की मृत्यु हो चुकी थी। कौशिक ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर आंदोलन में भी बढ़चढ़ कर भाग लिया था। वह कांठ नगर स्थित रामकुमार सिंह संस्कृत महाविद्यालय में प्रवक्ता और ऋषिबाल महाविद्यालय में प्राचार्य के पद पर भी रह चुके थे। उनके कोई संतान और घर में किसी पुरुष के न होने के कारण सोमवार को उनकी बहन सरिता देवी निवासी प्रयागराज ने गढ़मुक्तेश्वर धाम के ब्रजघाट पर उन्हें मुखाग्नि दी।

# गैंगस्टर के घर पर चला बुलडोजर, मंदिर परिसर की 28 फीट जगह पर बना रखा था दो मंजिला घर

एसडीएम ने बताया कि गांव में रहिमालन बाबा का मंदिर है। मंदिर इलाके और आसपास गांवों के ग्रामीणों की आस्था का केंद्र है। मंदिर की जमीन के 28 फीट क्षेत्र में गैंगस्टर ने दो मंजिल निर्माण कराकर कब्जा किया था। इसलिए अतिक्रमण ढहाया गया है। सीओ सिटी वीर सिंह ने बताया कि पप्पू और उसके भाई पर जल्द ही एक और गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया जाएगा।फतेहपुर जिले में लूट के बाद किशोरी से दुष्कर्म करने वाले गैंगस्टर और हिस्ट्रीशीटर के घर पर मंगलवार शाम बुलडोजर चला दिया गया। आधे घर का निर्माण ढहा दिया गया। उस पर गैंगस्टर का एक और मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई चल रही है।हुसैनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में 10 दिसंबर को परिवार को बंधक बनाकर तीन बदमाशों ने लूटपाट की थी। एक बदमाश ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस ने मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर, गैंगस्टर पप्पू यादव और उसके साथी मुकीम को 17 दिसंबर



की भोर गिरफ्तार किया था। रहिमालनपुरवा के गैंगस्टर पप्पू यादव के भाई, पिता और बाबा का आपराधिक इतिहास है। पप्पू के भाई अभिमन्यु को पुलिस ने 10 दिसंबर की घटना में फरार घोषित किया है। मंगलवार दोपहर को हुसैनगंज प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह, एसएसआई गोविंद सिंह, कानूनगो नितिन श्रीवास्तव, लेखपाल स्वतंत्र पाल समेत पुलिस फोर्स पहुंचा।

एसडीएम अवधेश निगम और सीओ सिटी वीर सिंह शाम चार बजे रहिमालनपुरवा गांव पहुंचे। इसके बाद राजस्व टीम की पैमाइश रिपोर्ट के अनुसार बुलडोजर से गैंगस्टर के घर का आधा हिस्सा ढहाया गया। एसडीएम ने बताया कि गांव में रहिमालन बाबा का मंदिर है।

मंदिर इलाके और आसपास गांवों के ग्रामीणों की आस्था का केंद्र है। मंदिर की जमीन के 28 फीट क्षेत्र में गैंगस्टर ने दो मंजिल निर्माण कराकर कब्जा किया था। इसलिए अतिक्रमण ढहाया गया है। सीओ सिटी वीर सिंह ने बताया कि पप्पू और उसके भाई पर जल्द ही एक और गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया जाएगा। अपराध से अर्जित की गई संपत्ति कुर्क की जाएगी।

# नगरिया पट्टी चाहरम में हिन्दू रक्षा दल ने ग्रामीणों को पढ़ाया गैर कानूनी कार्यों से दूर रहने का पाठ



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़-अकराबाद - क्षेत्र के गांव नगरिया पट्टी चाहरम में हिन्दू रक्षा दल के पदाधिकारियों ने ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित कर उन्हें गैर कानूनी कार्यों से दूर रहने का पाठ पढ़ाया। हिन्दू रक्षा दल के अध्यक्ष पंकजसिंह ने बताया गांव में कोई व्यक्ति शराब की अवैध बिक्री नहीं करेगा, जुआ नहीं खेलेगा, गांव के अंदर कोई भी व्यक्ति शराब पीकर गाली गलौज एवं झगड़ा इत्यादि नहीं करेगा।अगर कोई गांव वासी गैर कानूनी कार्य में संलग्न पाया जाता है। तो हिंदू रक्षा दल के पदाधिकारी गांव के भले लोगों के साथ मिलकर पुलिस को सूचना देकर उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कराएंगे। हिन्दू रक्षा दल के पदाधिकारी गांव के भले एवं सम्मानित लोगों के साथ मिलकर गांव को आदर्श बनाने के लिए काम करेंगे।इस दौरान वीरेंद्र सिंह, ऋषि कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार, डा. उत्तम , ग्राम प्रधान नीरेश कुमार, जय सिंह , मुकेश कुमार, महेश बाबू आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# ज्ञानवापी मस्जिद के एक मामले पर आज भी नहीं हुई सुनवाई, कोर्ट ने 21 दिसंबर की तारीख दी

ज्ञानवापी आदि विश्वेश्वर मामले मे किरन सिंह की तरफ से दाखिल वाद की सुनवाई श्रृंगार गौरी मूल वाद के साथ किये जाने के आवेदन पर जिला जज की अदालत में सुनवाई शुरू हुई। इस मुद्दे पर चार वादी महिलाओं की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विष्णु जैन ने दलील रखी, वहीं किरन सिंह की तरफ से भी जबाब में दलील रखी गई।ज्ञानवापी मस्जिद के एक मामले पर आज वाराणसी कोर्ट में सुनवाई टल गई है। सुनवाई वाराणसी के जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की कोर्ट में होनी थी। ज्ञानवापी आदि विश्वेश्वर मामले मे किरन सिंह की तरफ से दाखिल वाद



की सुनवाई श्रृंगार गौरी मूल वाद के साथ किये जाने के आवेदन पर जिला जज की अदालत में सुनवाई शुरू हुई। इस मुद्दे पर चार वादी महिलाओं की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विष्णु जैन ने दलील रखी, वहीं किरन सिंह की तरफ से भी जबाब में दलील रखी गई। मंगलवार को अदालत ने सुनवाई जारी रखते हुए बुधवार की तिथि नियत कर दी बता दें कि कोर्ट में यह प्रार्थना पत्र मां श्रृंगार गौरी केस की वादिनी लक्ष्मी देवी, सीता साहू, रेखा पाठक और मंजू व्यास की ओर से दी गई है। जबकि इसके समर्थन में मां श्रृंगार गौरी केस की ही एक अन्य वादिनी राखी सिंह नहीं हैं। राखी सिंह ने इससे खुद को अलग रखा है।

# बाबूजी को बुखार आया हम झोलाछाप डाक्टर से दवा लाए, कुछ देर में हो गई मौत

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पीड़ित का कहना है कि बुखार आने पर झोलाछाप डॉक्टर से दवाई ली कुछ देर बाद ही बाबूजी की हालत बिगड़ गई फिर उनकी मौत हो गई। अलीगढ़। क्षेत्र के गांव सांकरा निवासी 28 वर्षीय बाबूजी पुत्र ज्ञान सिंह को बुखार आ गया था। बुखार की दवा लेने के लिए वह कस्बा के ही झोलाछाप डॉक्टर के पास गया। स्वजनों ने बताया कि दवा खाने बाद से ही बाबूजी की हालत खराब होने लगी। पिता ने बताया कि बाबूजी को बुखार आया था हम दवा दिलवाकर लाए कुछ देर बाद दवा खाकर उसकी हालत खराब हो गई। फिर मौत हो गई। आनन-फानन में स्वजनों ने जेएन मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान शनिवार की रात मृत्यु हो गयी। आरोप है कि डा. के द्वारा दी गयी गलत दवा तथा इंजेक्शन से रिएक्शन हो गया था। मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने झोलाछाप डाक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रविवार की शाम पीएम के बाद शव का सांकरा गंगाघाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक चार भाईयों में दूसरे नंबर का था। मृतक का एक बेटा है। युवक की मौत से स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल

# कोहरे से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने लिए सरकार का बड़ा फैसला, रात में नहीं चलेगी परिवहन निगम की बसें

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने मंगलवार को प्रदेश के सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों, सेवा प्रबंधकों और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को वीडियो कांफ्रेंसिंग से स्पष्ट निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए रात में बसों का संचालन बिल्कुल न किया जाए।उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने कोहरे से होने वाली दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए रात्रिकालीन बस सेवाओं के संचालन पर रोक लगा दी है। अगले एक माह तक रात्रिकालीन बसों की



ऑनलाइन बुकिंग नहीं होगी। रात में जो भी बसें रूट पर संचालित होने के लिए निकाली जाएं और अगर ज्यादा कोहरा हो जाए तो निकट के बस स्टेशन पर बसों को खड़ा किया जाए। एमडी ने साफ तौर पर कहा है कि कोहरे से होने वाली दुर्घटनाओं में अधिकारियों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने मंगलवार को प्रदेश के सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों, सेवा प्रबंधकों और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को वीडियो कांफ्रेंसिंग से स्पष्ट निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए रात में बसों का संचालन बिल्कुल न किया जाए। उन्होंने कहा कि इसे सुनिश्चित करने के लिए रात आठ से 12 बजे तक सभी अधिकारी बस स्टेशनों पर कैंप करें। यात्रियों को किसी तरह की असुविधा न होने पाए। उन्होंने कहा कि अगर संचालन के बीच कोहरा मिलता है तो बस को निकटतम बस स्टेशन या सुरक्षित स्थान पर बस को खड़ा किया जाए। कोहरे के कारण आगामी एक माह के लिए यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर रात्रि सेवाओं का ऑनलाइन आरक्षण स्थगित किया जाए। कोहरे के कारण दुर्घटना पर किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।